Mobile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 372 / M8 / 48 दिनांक 06.05.2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली दैनिक समाचार पत्र कटिंग, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमृत विचार, अमर उजाला एवं दैनिक भाषकर दिनांक 05.05.2026 एवं 06.05.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित –

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | हिन्दुस्तान बरेली दिनांक 05.05.2026<br><br>दैनिक जागरण बरेली दिनांक 04.05.2026<br><br>अमृत विचार बरेली दिनांक 05.05.2026 | **आठ माह में गिरी तीन करोड की टंकी, पांच घायल** <br><br>**ओवरडेड टैंक ढहा, दो इंजीनियर बर्खास्त, एक निलंबित –** <br><br>**एक साल में ढह गया 3.62 करोड का ओवरहेड टैंक, दो इंजीनियर बर्खास्त –** | जनपद बरेली के विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद में सरदार नगर एवं बदरई कुईया ग्रामों को सम्मिलित कर सरदार नगर बदरई कुईया पेयजल योजना का निर्माण कार्य दिनांक 21.12.2022 को आरम्भ किया गया जिसकी अनुमानित लागत रू0 3.70 करोड़ थी, पेयजल योजना के अन्तर्गत 400 KL /14 M. क्षमता का अवर जलाशय का निर्माण कराया गया एवं वितरण प्रणाली 12.491 कि0.मी0 लक्षित के सापेक्ष 10.480 कि0मी0 डाली गयी है तथा 800 नग गृह जल संयोजन किये गये है। योजना में अवर जलाशय का कार्य 02.05.2023 को आरम्भ किया गया दिनांक 18.01.2025 को अवर जलाशय के निर्माण कार्य पूर्ण कर पानी भर दिया गया एवं टेस्टिंग का कार्य चल रहा था एवं पेयजल योजना में सम्मिलित दोनो ग्रामों में अवर जलाशय से सुबह शाम नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। आज | |

obile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अमर उजाला<br>बरेली<br>दिनांक<br>05.05.2026 | बारिश के बाद ढहा ओवरहेड टैंक ... पांच लोग दबे, दो इंजीनियर बर्खास्त, एक जेई निलंबित –<br> | दिनांक 04.05.2026 को सांयकाल 05:00 बजे अचानक अवर जलाशय नीचे गिर गया।<br>उपरोक्त प्रकरण में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ एवं अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ द्वारा जांच हेतु अलग अलग टी.ए.सी टीम का गठन किया गया एवं उपरोक्त दोना टीमों द्वारा इस पेयजल योजना की जांच दिनांक 05.05.2026 को की गयी। दोनो तकनीकी जांच टीमों द्वारा जांच नमूने एकत्र किये गये एवं संबन्धित अनुसंधान केन्द्रों को भेजे गये। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दुर्घटना के कारणों का पता चल पायेगा। | |
| | | दैनिक भाषकर<br>बरेली<br>दिनांक<br>05.05.2026 | बरेली में पानी की टंकी गिरने से 7 लोग दबे–<br> | ---------------------------------------- | |
| | | हिन्दुस्तान<br>बरेली<br>दिनांक<br>06.05.2026 | टंकी निर्माण की जांच को लखनऊ की टीम ने 18 बोरी में भरे सैंपल –<br> | उपरोक्त प्रकरण में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ के पत्रांक –898/011 –टी0ए0सी0 जांच/ 26 दिनांक 04.05.2026 एवं अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ के पत्रांक–377/NegativeNews/ 2025-26 / Tech-20 दिनांक 04.05.2026 द्वारा जांच हेतु अलग अलग टी.ए.सी टीम का गठन किया गया एवं उपरोक्त दोना टीमों द्वारा इस पेयजल योजना की जांच दिनांक 05. 05.2026 को की गयी। दोनो तकनीकी जांच टीमों द्वारा जांच नमूने एकत्र किये गये एवं संबन्धित अनुसंधान केन्द्रों को भेजे गये। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दुर्घटना के कारणों का पता चल पायेगा। | |

obile No.- 9473942572

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दैनिक जागरण बरेली दिनांक 06.05.2026 | **बोले ग्रामीण–जिस पर आरोप वही जांच में शामिल –**  बोले ग्रामीण-जिस पर आरोप वही जांच में शामिल | उपरोक्त प्रकरण में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ के पत्रांक – 898 / 011 –टी0ए0सी0 जांच / 26 दिनांक 04.05.2026 एवं अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ के पत्रांक–377/NegativeNews/ 2025-26 / Tech-20 दिनांक 04.05.2026 द्वारा तकनीकी जांच टीमों का गठन किया गया जिसके सभी सदस्य टी0ए0सी0 उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण लखनऊ कार्यालय एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ से सम्बन्धित है। | |

अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता







भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीता!

# आठ माह में गिरी तीन करोड़ की टंकी, पांच घायल

## जल जीवन मिशन के तहत हुआ था निर्माण, जेसीबी से हटाया गया टंकी का मलबा

**लापरवाही**





### एनसीसी ने किया निर्माण

### निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

### दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### टंकी गिरने पर सीएम सख्त, कार्रवाई के निर्देश

## शासन ने दो इंजीनियर किए बर्खास्त, जेई निलंबित

- जलशक्ति मंत्री के निर्देश पर मामले की जांच के लिए टीम गठित
- निर्माणदायी संस्था एनसीसी के खिलाफ एफआईआर

### एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट

### लखनऊ से जांच को आज जाएगी टीम

**शहर 30s**

### बार काउंसिल से संबद्धता को सांकेतिक धरना

### गर्मी से बचाव के लिए डीआरएम ने दिए सुझाव

### सांसद ने मुख्य अभियंता संग सुनी समस्याएं

### बीडीए उपाध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं

### नहरों में सिल्ट सफाई कार्य पूरा करने के

# ओवरहेड टैंक ढहा, दो इंजीनियर बर्खास्त, एक निलंबित

संवाद सहयोगी, जागरण • भमोरा (बरेली): जल जीवन मिशन योजना के तहत सरदार नगर गांव में सात माह पहले बना ओवरहेड टैंक सोमवार को धराशायी हो गया। उसके नीचे पांच लोग दब गए, जिसमें से तीन की हालत गंभीर है। घटना का संज्ञान लेकर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया है

जल निगम ने हैदराबाद की एनसीसी लिमिटेड से टैंक बनवाया था, जिसमें 3.62 करोड़ रुपये खर्च हुए। सात महीने पहले इसे हैंडओवर किया गया, जिसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान


गिरी पानी की टंकी का मलबा • जागरण

- पांच घायल, जल जीवन मिशन योजना के तहत बरेली में सात माह पहले 3.62 करोड़ से निर्माण
- कार्यदायी संस्था एनसीसी के विरुद्ध प्राथमिकी, काली सूची में डालने को नोटिस जारी

गुणवत्ताहीन सामग्री देखकर विरोध दर्ज कराया था। कई अफसरों से शिकायत की, मगर किसी ने सुनवाई नहीं की। सोमवार शाम पांच बजे कुछ ग्रामीण टैंक के नीचे स्लैब पर बैठे थे। उसी दौरान टैंक भरभराकर गिर गया। उसके मलबे में डोरीलाल, वीरपाल, रविंद्र उर्फ डब्बू, अर्जुन कश्यप और वेदपाल दब गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर अन्य ग्रामीण मदद को दौड़े। मलबा हटाकर पांचों लोगों को बाहर निकालकर सिद्धि विनायक अस्पताल भेजा गया। डीएम अविनाश सिंह ने देर शाम अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल लिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मलबे के नीचे किसी अन्य ग्रामीण के दबने की पुष्टि नहीं हुई। प्रशासन ने टैंक गिरने के कारण जानने के लिए जांच बैठा दी है। उसमें लगाई गई निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी देखी जाएगी।

**जल शक्ति मंत्री ने दिखाई सख्ती:** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की सख्ती के बाद बर्खास्तगी व निलंबन की कार्रवाई के अलावा जल निगम ग्रामीण के असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच और अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के विरुद्ध प्राथमिकी लिखाई है। वहीं टीपीआइ बीएलजी के बरेली स्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है। कार्यदायी एजेंसी एनसीसी लिमिटेड और टीपीआइ बीएलजी को काली सूची में डालने का नोटिस जारी किया गया है। मामले की प्रारंभिक जांच टेक्निकल आडिट कमेटी को सौंपी गई है। कमेटी अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देगी।

संबंधित खबर »पेज 5

अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये था।

# एक साल में ढह गया 3.62 करोड़ का ओवरहेड टैंक, दो इंजीनियर बर्खास्त

संवाददाता, भमोरा/बरेली

**अमृत विचारः** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरदार नगर में जल जीवन मिशन के तहत एक साल पहले 3 करोड़ 62 लाख रुपये से तैयार हुआ नया टैंक ढह गया। सोमवार सुबह बारिश के बाद टैंक के पिलर कमजोर होकर जमीन में धंस गए और शाम को पूरा ढांचा धराशायी हो गया। हादसे में 5 ग्रामीण भी घायल हो गए।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने घटना का संज्ञान ले सख्त कार्रवाई की। जल निगम ग्रामीण के जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया जबकि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सहायक अभियंता और अवर अभियंता की सेवाएं समाप्त कर दीं। जल निगम ग्रामीण के सहायक



सड़क पर बिछा टैंक का मलबा।

अभियंता के खिलाफ विभागीय जांच और अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। अधिशासी अभियंता ने रात में ही थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है। टीपीआई बीएलजी बरेली के सभी कर्मचारियों को हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है। मंत्री ने एनसीसी लिमिटेड

**• आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में जल जीवन मिशन के तहत तैयार किया गया था टैंक, जेई निलंबित मलबे में दबने से पांच लोग घायल**

और टीपीआई बीएलजी कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस जारी किया है। जल शक्ति मंत्री ने मामले की जांच टेक्निकल ऑडिट कमेटी (टीएसी) को सौंपी है। यह कमेटी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देगी।

टैंक के मलबे में दबकर डोरी लाल, अर्जुन, वीरपाल, रविंद्र और नन्कू उर्फ वेदपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। एसएचओ भमोरा पवन कुमार सिंह, सीओ आंवला नितिन कुमार और लेखपाल आलोक कुमार मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

Bareilly city | Main | 05 | A

Clip

# बारिश के बाद ढहा ओवरहेड टैंक... पांच लोग दबे, दो इंजीनियर बर्खास्त, एक जेई निलंबित

**जल जीवन मिशन के तहत डेढ़ साल पहले 3.62 करोड़ रुपये से तैयार हुआ था टैंक**

**निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल, निर्माणदायी संस्था एनसीसी के खिलाफ एफआईआर**

**भमोरा (बरेली)।** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरदारनगर में 3.62 करोड़ रुपये की लागत से डेढ़ साल पहले बना 60 फुट ऊंचा ओवरहेड टैंक सोमवार शाम साढ़े पांच बजे भरभराकर गिर गया। पानी की टंकी के पास बैठे गांव के डोरीलाल (32), अर्जुन (30), वीरपाल (48), रविंद्र (50), नन्कू उर्फ वेदपाल (45) मलबे में दबकर घायल हो गए। वहां मौजूद गुड्डू, ठाकुरदास, नन्नू व डब्बू भी मामूली जख्मी हुए हैं। इनमें से एक की हालत नाजुक है।



भमोरा के सरदार नगर में पानी की टंकी ढहने के बाद राहत कार्य में जुटे लोग। संवाद

इस हादसे ने सरकारी भवनों के निर्माण में जड़ तक फैले भ्रष्टाचार को भी बेपर्दा कर दिया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर निर्माणदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही जल निगम ग्रामीण के संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। जल निगम ग्रामीण के असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच और अधिशासी अभियंता के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ टीपीआई बीएलजी के बरेली स्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्रामीण रोज की तरह टंकी के पास ही बैठे हुए थे, तभी अचानक एक तेज आवाज के साथ पूरी संरचना ढह गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला। घटना के समय टैंक पूरी तरह पानी से भरा हुआ था। शाम को बारिश के बाद अचानक इसके पिलर धंसने लगे और कुछ ही सेकेंड में हादसा हुआ। ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर कड़े सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण ही टंकी गिरी है। इस टंकी के निर्माण का जिम्मा 21 दिसंबर 2022 को एनसीसी लिमिटेड को सौंपा गया था। संवाद

>> पिलर पर बैलून रखकर बनाया था टैंक : पेज 5

**एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट**

निर्माणदायी एजेंसी एनसीसी लिमिटेड और टीपीआई बीएलजी को ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस जारी किया गया है। वहीं मामले की प्राथमिक जांच टेक्निकल ऑडिट कमेटी को सौंपी गई है। कमेटी अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देगी। टीएसी रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले में अंतिम कार्रवाई होगी।

मामले की जांच शासन स्तर के अधिकारी और तकनीकी टीम से कराई जाएगी। शासन को मामले की जानकारी दी गई है। कार्यदायी संस्था की ओर से कराए गए अन्य सभी कार्यों की जांच कराई जाएगी।
– अविनाश सिंह, जिलाधिकारी

## बरेली में पानी की टंकी गिरने से 7 लोग दबे:

# नीचे बैठकर ताश खेल रहे थे, साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनी थी

बरेली | 05/05/26




शेयर

बरेली में सोमवार को पानी की टंकी गिरने से 7 लोग दब गए। ये सभी टंकी के नीचे बैठे ताश खेल रहे थे। टंकी गिरते ही काफी तेज विस्फोट जैसी आवाज आई। इसे सुनकर गांव वाले भागते हुए पहुंचे। वहां देखा तो पूरी टंकी नीचे ढह चुकी थी।

गांव वालों ने तुरंत मलबा हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल

# टंकी निर्माण की जांच को लखनऊ की टीम ने 18 बोरी में भरे सैंपल

**फॉलोअप**

- लखनऊ से आईं दो टीमों ने लिए टूटी टंकी के सैंपल
- सैंपल की रिपोर्ट के बाद पता चलेगा गिरने का कारण

**भमोरा, संवाददाता।** ओवरहेड टंकी के गिरने के कारणों की पड़ताल करने लखनऊ से मंगलवार को टेक्निकल ऑडिट टीम सरदारनगर गांव पहुंची। सोमवार देर रात भी एक टीम गांव पहुंच गई थी। टीमों ने 18 बोरों में निर्माण कार्य में प्रयुक्त सीमेंट, सरिया, रेता, बजरी आदि का सैंपल भरा है। सैंपल की जांच आईआईटी कानपुर और पीडब्ल्यूडी लखनऊ की टीम करेगी। टीम को 24 घंटे में अपनी रिपोर्ट सौंपनी है।

सरदारनगर गांव में सोमवार शाम साढ़े तीन करोड़ से भी अधिक लागत से बना ओवरहेड टैंक भरभराकर गिर गया। हादसे में पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए। दो अन्य लोगों के भी चोट लगी। सोमवार देर रात ही हादसे के बाद लखनऊ से एक टीम जांच के लिए सरदारनगर पहुंच गई थी। मंगलवार सुबह दस बजे टेक्निकल ऑडिट टीम भी आ गई। सीनियर टेक्नीशियन एडवाइजर विश्व दीपक, बीके लिटोरिया, अरची राम अभियंता जल निगम जोन मुरादाबाद आदि ने गिरी हुई टंकी के निर्माण में लगी ईंट, सरिया, सीमेंट, रेत आदि के 18 बोरों में सैंपल लिये। सीनियर टेक्नीशियन एडवाइजर विश्व दीपक ने बताया कि ईंट, सरिया, सीमेंट और रोड़ा को जांच के लिए लखनऊ पीडब्ल्यूडी की लैब भेजा जायेगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही गुणवत्ता का पता चलेगा। ओवरहेड की शीट (चादर) आईआईटी कानपुर में जांच को भेजी जाएगी। लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद जिम्मेदारी तय कर दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**घायलों की हालत में सुधारः** एसडीएम विदुषी सिंह तथा प्रधान नसरीन फात्मी ने बताया कि टंकी के मलबे में दबकर घायल हुए लोग अस्पतालों में भर्ती हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। प्रधान पति सरताज मंसूरी ने घायलों के इलाज का खर्चा परिवार को दिए जाने की मांग की है।

> लखनऊ से आई टीम ने मंगलवार को सैंपल लिए। सैंपल की जांच होगी। जांच रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। टंकी का निर्माण तालाब की जमीन पर नहीं किया गया था। सॉइल टेस्ट में जमीन के पास होने के बाद ही निर्माण कार्य कराया गया था। - कुमकुम गंगवार, एक्सईएन जल निगम



भमोरा के गांव सरदार नगर में सोमवार को टंकी गिरने में मलबे के सैंपल भरती टीम।

## मनमाने ढंग से सैंपल लेने का आरोप

उधर, सरदारनगर के प्रधान पति सरताज मंसूरी के साथ ग्रामीणों जाकिर हुसैन, सुधांशु शर्मा, रजनीश पाठक, अजय चौहान, अवनेश कुमार, नरेश शर्मा, संजीव पाठक, सचिन चौहान आदि ने ईंट, रोड़ा आदि का मनमाने तरीके से सैंपल लेने का आरोप लगाया। लोगों ने कहा कि टंकी के निर्माण के दौरान पिलर बनाए गए थे। पिलर में मानक से हटकर पतली सरिया लगाई गई थी। सरियों को ऐसे ही लपेट दिया गया था। किसी भी सरिया की वेल्डिंग नहीं किया गया। घटिया सीमेंट के साथ गंगा नदी से रेता मंगाकर लगाने की बात कही। लोगों का आरोप है कि निर्माणकर्ताओं ने तालाब को मिट्टी से पाटकर टंकी का निर्माण किया था।